कांग्रेस पार्टी में ब्राह्मणों की उपेक्षा पर उठे विरोध के स्वर

पूर्व विधायक रवि जोशी के आवास पर हुई बैठक में नेताओं ने रखे विचार

नवभारत न्यूज

भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस से जुड़े ब्राह्मण नेताओं के बीच लंबे समय से यह चिंता का विषय था कि वर्तमान में ब्राह्मणों की समाज में लगातार हो रही उपेक्षा जो चरम स्थिति तक पहुंच गई है, उसे रोकने के प्रयास कैसे किए जाएं और ब्राह्मण वर्ग को पुनः पूर्व के समान कांग्रेस से कैसे जोड़ा जाये.

इस संबंध में पूर्व विधायक रवि जोशी के आवास पर वरिष्ठ एवं दीर्घ अनुभवी ब्राह्मण वर्ग के लोगों की बैठक पूर्व मंत्री पीसी शर्मा की अध्यक्षता में कर गंभीर मंथन किया गया. बैठक में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व विधायक रवि जोशी, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, राम राज तिवारी, गणेश तिवारी, बृजमोहन तिवारी, अखिलेश सिंह तिवारी, अशोक शर्मा, संगीता शर्मा, रजनी दुबे, महेश दुबे, जे पी गौड़, एल के पाण्डेय, संतराम दुबे, वीरेन्द्र बड़गैंया, जितेन्द्र मिश्रा तथा राम गोपाल पाण्डेय आदि बड़ी संख्या में ब्राह्मण नेताओं द्वारा अपने गंभीर विचार रखे गए.

बैठक में नेताओं ने कहा कि समावेशी समाज की अवधारणा को लेकर ही गांधी जी के सत्य अहिंसा और दृढ़ता के सिद्धांत के आधार पर कांग्रेस द्वारा आजादी की लड़ाई लड़ी गई और आजादी प्राप्त होने के बाद समावेशी समाज के विकास तथा स्थायित्व के दृष्टिगत ही भारत का संविधान बना और लागू किया गया. देश शनै : शनै : आगे बढ़ता गया तथा शिक्षा और जागरूकता से समाज में व्याप्त भेदभाव व अन्य विसंगतियों में कमी आने लगी .निश्चित ही समाज की विसंगतियों, कमियों और भेदभाव को दूर करने में समय लगता है .लेकिन समाज में लंबे समय से व्याप्त असमानता और भेदभाव का पूरा दोष देश में ब्राह्मण वर्ग पर मढ़ा जाना प्रारंभ किया गया और इस सबके पीछे कुछ लोगों और समूहों की केवल और केवल अनवरत राजनीतिक महत्वाकांक्षा है . उक्त उत्पन्न की गई स्थिति को देश में ब्राह्मण वर्ग लंबे समय तक बर्दाश्त कर शांत रहा, परन्तु अब लोग उपेक्षा और असुरक्षा से घुटन महसूस करने लगे हैं .

बैठक में यह भी कहा गया कि मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में तो ब्राह्मण वर्ग की यह स्थिति है कि उनके कांग्रेस के साथ आने पर सरकार बनाने में बहुत आसान स्थिति होगी .जबकि अन्य राज्यों में भी यदि ब्राह्मण वर्ग को संगठित किया जाए और उन्हें थोड़ा स्थान मिले तो कांग्रेस के लिए ब्राह्मण वर्ग बहुत मददगार हो सकता है .अत : इस दिशा में कांग्रेस से ब्राह्मणों को जोड़ने हेतु ब्राह्मण नेताओं द्वारा देश व्यापी प्रयास किए जाने की आवश्यकता है . बैठक में यह भी विचार किया गया कि लोकसभा और विधानसभा वार कांग्रेस के ब्राह्मण नेताओं द्वारा बैठकें की जाकर अधिक से अधिक ब्राह्मणों को कांग्रेस से जोड़ने हेतु जीवंत प्रयास किए जाएं .साथ ही ब्राह्मण वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाये जो उच्च तकनीक और आई टी के माध्यम से जन जन और कण कण (प्रत्येक क्षेत्र में) में कांग्रेस का विश्वास और विस्तार स्थापित कर सकें . अंत में आभार प्रदर्शन के साथ पुरजोर यह संकल्प लिया गया कि कांग्रेस की कामयाबी के लिए पूरे ब्राह्मण वर्ग को कांग्रेस से जोड़ने हेतु हम सभी दृढ़ संकल्प है .

कांग्रेस के लिए ब्राह्मण वर्ग बहुत मददगार हो सकता है

शारीरिक, मानसिक क्षमताओं के भेदभाव के बिना हर व्यक्ति को समान-सम्मान, अधिकार व अवसर प्राप्त करने का अधिकार है और समाज का हर वर्ग एवं नागरिक स्वयं को समाज का महत्वपूर्ण अंग मानता है तथा उपेक्षा और असुरक्षा से परे रहता है लेकिन पिछले कुछ दशकों से ब्राह्मण वर्ग को लक्षित कर उनकी घोर उपेक्षा की जा रही है.समाज में लंबे समय से व्याप्त कई विसंगतियों तथा असमानताओं के लिए पूरा ठीकरा ब्राह्मण वर्ग पर फोड़ा जा रहा है जिसके लिए हम लोग (ब्राह्मण वर्ग) कतई जिम्मेदार नहीं हैं. वर्तमान समय में तो चारों तरफ ब्राह्मण वर्ग की समाज में उपेक्षा चरम सीमा तक पहुंच गई है.ऐसी स्थिति में भला ब्राह्मण वर्ग समावेशी समाज का अभिन्न अंग कैसे हो सकता है.

अपहृत आदिवासी नाबालिग को छुड़ाया

अशोकनगर पुलिस ने की त्वरित और समन्वित कार्रवाई

04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

भोपाल, 26 मई. अशोकनगर पुलिस ने त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय आदिवासी नाबालिग बालिका को अपहरण के छह घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया.

पुलिस ने मामले में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है. 23 की सुबह 5 बजे नाबालिग बालिका घर से बाहर निकली थी, तभी घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे जबरन वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया. पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार के निर्देश पर 3 संयुक्त टीमों का गठन कर तत्काल रेस्क्यू शुरू किया. एक टीम ने तकनीकी निगरानी और डाटा विश्लेषण किया, जबकि अन्य टीमों ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर हाईवे, होटल, ढाबों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाया.

एक लाख में किया था बालिका का सौदा

ब्यावरा के पास पुलिस ने वाहन को रोककर गुड्डी बाई गुर्जर, नीरज जोगी और प्रेम गुर्जर को गिरफ्तार किया . आरोपियों ने बताया कि बालिका और एक अन्य आरोपी को नजीराबाद क्षेत्र में छोड़ा गया है . पुलिस ने घेराबंदी कर लखन गुर्जर को गिरफ्तार करते हुए बालिका को सुरक्षित मुक्त कराया . जांच में सामने आया कि पीड़िता की सगी बुआ ने ही एक लाख रुपये में बालिका का सौदा आरोपियों से किया था . फिलहाल बालिका को सुरक्षा और परामर्श के लिए वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है .

संविधान की रक्षा का संकल्प लें आरक्षक : मकवाणा

15वीं वाहिनी एसएएफ इंदौर के नवआरक्षकों की संयुक्त दीक्षांत परेड का किया भव्य आयोजन

विशेष संवाददाता

भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) की गौरवशाली परंपरा और अनुशासित विरासत को आगे बढ़ाते हुए इंदौर स्थित रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में आरएपीटीसी इंदौर तथा 15वीं वाहिनी एसएएफ इंदौर के नवआरक्षकों की संयुक्त दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन किया गया.

समारोह में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसएएफ मुख्यालय, भोपाल) चंचल शेखर ने की. अपने संबोधन में डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि यह केवल प्रशिक्षण पूर्ण होने का औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, कठिन परिश्रम और राष्ट्रसेवा के संकल्प का उत्सव है. उन्होंने कहा कि नवआरक्षक अब जनविश्वास, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा के संरक्षक बन चुके हैं.

> प्रशिक्षण अवधि के दौरान नवआरक्षकों को ड्रिल, हथियार संचालन, फील्ड क्राफ्ट, कानून-व्यवस्था नियंत्रण, साइबर अपराध से निपटने, आपदा प्रबंधन और आधुनिक पुलिसिंग का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया . साथ ही उन्हें चुनाव ड्यूटी और अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी दायित्वों का व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया . डीजीपी ने चंबल क्षेत्र में दस्यु उन्मूलन अभियान से लेकर नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति बनाए रखने तक एसएएफ की भूमिका की सराहना की .

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण महाविद्यालय का नाम मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक तथा सीमा सुरक्षा बल के संस्थापक के. एफ. रुस्तमजी के नाम पर रखा गया है, जिनका पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस कल्याण के क्षेत्र में योगदान ऐतिहासिक रहा है. उन्होंने नवआरक्षकों से रुस्तमजी की विरासत से प्रेरणा लेकर कर्तव्य और अनुशासन के उच्च मानदंड स्थापित करने का आह्वान किया.

डीजीपी ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता, साहस और जवाबदेही का दायित्व भी है.

आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

बैरसिया. शासकीय आईटीआई बैरसिया में संचालित 6 ट्रेड में प्रवेश हेतुऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रकिया प्रारंभ हो गई. प्राचार्य अभिषेक श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवभारत को चर्चा में बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण के इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश हेतु 30 जून तक अपनी पसंद की ट्रेड में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता . आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि .) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा . अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था . देनदार राशि नहीं चुका सके, अत : देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता . ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है . देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा . देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है . यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयत कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा .

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया रु .	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री ननेलाल बिहारे, श्री पूरनलाल बिहारे, श्रीमती पूनम बिहारे, कृषि और डेयरी एवं ट्रैक्टर (प्रॉस्पेक्ट नं . आईएल10781183)	पीएचएन 66, खसरा संख्या 157, क्षेत्रफल 658 वर्ग फुट स्थित आमला, बैतूल, मध्य प्रदेश 460443 क्षेत्रफल वर्ग फुट में : संपत्ति का प्रकार : क्षेत्रफल : 658	रुपये 240590/- (रु . दो लाख चालीस हजार पांच सौ नब्बे मात्र)	03-02-2026	23-05-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा . अधिकारी ब्रांच ऑफिस : 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम .पी . नगर, जोन-2, भोपाल या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं . 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा .

स्थान- भोपाल — प्रा . अधिकारी

दिनांक : 27-5-2026 — कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

आयुर्वेद कॉलेजों में मरीजों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

महाविद्यालय प्रबंधन की फर्जीवाड़े पर रहेगी पैनी नजर

- कॉलेजों में शिक्षकों की कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 26 मई. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की सख्त गाइडलाइंस से मप्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में अब आयुर्वेद शिक्षा की गुणवत्ता और अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाओं का स्तर में सुधार दिखने लगा है. आयोग की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के कारण निजी संस्थानों में भी मनमानी पर भी लगाम लगी है.

आयोग ने स्पष्ट किया है कि कॉलेजों में शिक्षकों की कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है. इसके पालन की पूरी जवाबदेही कॉलेज प्रबंधन की तय की गई है.जिसका सीधा असर शिक्षण स्तर पर पड़ा है.वहीं, अस्पतालों की स्थिति में अब अधिकांश संबद्ध अस्पतालों में सोनोग्राफी, ईसीजी, एक्सरे और ऑक्सीजन जैसी जीवन रक्षक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है.तो आयुर्वेद अस्पतालों में प्रसव की प्रक्रिया शुरू होना, इस सुधार की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है.

फर्जीवाड़े पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

मप्र के आयुर्वेद कॉलेजों में भी एनसीआईएसएम के मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है .आयोग ने राज्य सरकारों और आयुष संचालनालय के साथ मिलकर फर्जी फैकल्टी, फर्जी छात्र और कागजों पर चल रहे 'फर्जी मरीजों' को रोकने के लिए विशेष तंत्र विकसित किया है .यदि किसी संस्थान में मानकों की अनदेखी पाई जाती है, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी .

क्या कहते हैं विशेषज्ञ...

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ .राकेश पाण्डेय ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीआईएसएम और आयुष मंत्रालय का यह कदम सराहनीय है .छात्रों, जूनियर डॉक्टर्स और शोधार्थियों के लिए शिक्षा का स्तर सुधरा है और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं .

और भी बढ़ सकती हैं यूजी और पीजी की सीटें

आयोग का लक्ष्य आयुर्वेद चिकित्सा को आधुनिक उपकरणों से लैस करना और अस्पतालों को 24 घंटे सक्रिय रखना है . बेहतर मानकों के आधार पर अब कॉलेजों में बीएएमएस(यूजी) की सीटें 200 तक की जा सकती हैं, साथ ही एमडी-एमएस (पीजी) की सीटों में भी बढ़ोतरी की राह आसान हो गई है .

पश्चिम मध्य रेल

ई निविदा सूचना

दिनांक 26/05/2026

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखि कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-14-2026, **कार्य का नाम:** गुना - प्लेटफॉर्म 1, 2 और 3 पर मौजूदा कैरिज वॉटरिंग सिस्टम का CAMTECH डिजाईन के अनुसार उन्नयन (विद्युत कार्य), **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 04 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 8087695.98, **अग्रिम राशि रू.:** 161800.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**- 15/06/2026, 11:00 Hrs, संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है। तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है। तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संषोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा। तथा ऐसे संषोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय पर देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तो के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।,

(हस्ता.)

कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)

पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

NAME CHANGE

I Kanchan Barde spouse of JC - 769665N Sub Maj Vasudev Barde resident of Vill - Bagholi, Teh-Betul, Dist-Betul, state-Madhya Pradesh, PIN-460004 have changed my name from Kanchan Barde to Kanchana Barde vide affidavit dated 26 May 2026 before at executive magistrate Bhopal.

नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद शादाब खान (Mohd Shadab Khan) आ. अब्दुल हमीद मियां सूचित करता हूं कि मेरा नाम मार्कशीट में शादाब (Shadab) दर्ज है और पिता का नाम मोहम्मद हमीद (Mo Hameed) दर्ज है जो की गलत है. मेरा सही नाम Mohd Shadab Khan पिता का नाम Abdul Hameed Miyan है. भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये. **पता**- ग्राम कनोरा, जिला रायसेन.

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र- ग्वालियर
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार

वेबसाइट: https://cdsgwalior.nic.in/, फोन: 0751-2991397, ईमेल: gwalior.cds@gmail.com

भर्ती सूचना 02/2026

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र-ग्वालियर, क्रॉस डिसेबिलिटीज अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (सीडीईआईसी) के निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिन्हें विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर भरा जाना है:

स. क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या	अधिकतम आयु सीमा	पारिश्रमिक (प्रति माह समेकित वेतन)
01	नैदानिक/पुनर्वास मनोवैज्ञानिक	01	45 वर्ष	रू. 40000/-
02	व्यावसायिक चिकित्सक	01	40 वर्ष	रू. 35000/-
03	प्रारंभिक हस्तक्षेपकर्ता	01	40 वर्ष	रू. 35000/-
04	ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट (एएसएलपी)	01	40 वर्ष	रू. 35000/-
05	विशेष शिक्षक पहचान/एएसडी/एमडी/एचआई/वीआई	02	40 वर्ष	रू. 35000/-
06	नर्स	01	35 वर्ष	रू. 30000/-
07	प्रशिक्षित देखभालकर्ता	02	40 वर्ष	रू. 20000/-
08	गतिविधि शिक्षक (पार्ट टाईम)	01	40 वर्ष	रू. 15000/-

शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, नियम और शर्तें आदि से संबंधित संपूर्ण जानकारी और आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए, कृपया केंद्र की वेबसाइट https://cdsgwalior.nic.in/notice-category/recruitments/ पर जाएं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि समाचार पत्र में इस भर्ती सूचना के प्रकाशन के 30 दिन बाद है। उपरोक्त अधिसूचना में किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र/अद्यतन को केवल केंद्र की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइट पर नियमित रूप से जाएं।

CBC 38126/11/0001/2627

Director (offg.), ABVTCDS-Gwalior

शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल. भोपाल मंडल के चिकित्सा विभाग ने नर्मदा क्लब, हबीबगंज में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान रेलवे अधिकारियों के बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया. यह आयोजन रेलवे विमेन्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन भोपाल की अध्यक्षा अनीता त्यागी के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के निर्देशन में किया गया. शिविर में कुल 23 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई. विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की आंखों, दांतों और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए. साथ ही बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक किया गया. कार्यक्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, रेलवे विमेन्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की सदस्याएं, सहायक नर्सिंग अधिकारी और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे. सभी ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए ऐसे शिविरों को उपयोगी बताया. भोपाल मंडल समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रेल परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभा रहा है.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्र.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	158578453	संपत्ति के बदले ऋण	16-05-2026	23,37,659.98/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम: 1. शाइन मैथ्यू 2. उन्नीकन्नन पी टी नायर 3. अनु मैथ्यू

संपत्ति का पता: त्रिलंगा सहकारी आवास सोसायटी, ई-8, कॉलोनी रोड, पुराना वार्ड नंबर 52, नया वार्ड नंबर 51, तहसील हुजूर/कोलार, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित फ्लैट नंबर जी-01, भूतल, "कृष्णा अपार्टमेंट", प्लॉट नंबर 383, का वह भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 54.83 वर्ग मीटर (यानी 590 वर्ग फुट) है, और निर्मित क्षेत्रफल 43.68 वर्ग मीटर (यानी 470 वर्ग फुट) है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: खुला स्थान, पश्चिम: प्लॉट नंबर 384, उत्तर: फ्लैट नंबर।जी-02, दक्षिण: 25 फीट चौड़ी सड़क

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 27.05.2026

स्थान: मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म .प्र .)

क्रमांक/1580/ ई-टेण्डरिंग/2025-26 — सिंगरौली, दिनांक 26/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	टेण्डर जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि	कार्य लागत	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_510516_1	25-05-2026	Construction of Drain from Parsad Ji house to Babunandan Ji House at ward no.37	2 Months	1,692,551	2,000	33,851	29-06-2026
2	2026_UAD_510473_1	25-05-2026	Distribution Water Supply at Ward No 2 Muher Through Tractor and Tanker on Rental Basic.	12 Months	2,025,750	2,000	40,515	29-06-2026
3	2026_UAD_510459_1	25-05-2026	Construction of RCC Drain From Waidhan Talab to Dav Road Ward no 40.	2 Months	3,354,289	5,000	50,000	29-06-2026
4	2026 UAD_510398_1	25-05-2026	Construction of PCC Gorelal Shah House to Kamta Shahu Houuse Chaura Tola at Ward No 41	2 Months	6,470,932	10,000	64,709	29-06-2026
5	2026_UAD_510354_1	25-05-2026	Construction of Pcc Road at Ward no 31 From Harrayl Poorv Main Road to School and Other Places	2 Months	5,983,772	10,000	59,838	29-06-2026
6	2026_UAD_510035_1	22-05-2026	Inviting Rates for sterilization and immunization of stray dogs in SMC under animal birth control programme 5th Call	12 Months	1,155,640	2,000	23,113	09/06/2026
7	2026_UAD_509982_1	22-05-2026	Supply and Fixing of AIR conditioner in Municipal Corporation Singraull Head Office Majan Mod	2 Months	809,350	2,000	16,187	09/06/2026
8	2026_UAD_508860_1	19-05-2026	Drilling of Gp and DTH Tube Well Drilling and Handpump Installation at Ward No 29	2 Months	913,581	2,000	18,275	04/06/2026
9	2026_UAD_506760_1	19-05-2026	DTH Bore and HP Installation at ward no.13 Various Places	2 Months	177,604	2,000	3,552	04/06/2026
10	2026 UAD_508753_1	19-05-2026	Construction of Shed Mayar Rever Ward no 43	2 Months	676,077	2,000	13,522	04/06/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सिंगरौली